FIRST TERMINAL EVALUATION 2016-2017

809

Third Language | **Score : 40**

Std. VIII | **HINDI** | **Time : 90 minutes**

सामान्य सूचना :

- प्रश्न पढ़ने तथा सोचने के लिए पंद्रह मिनट का समय है। इस समय कुछ न लिखें।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

सूचना : कविता पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

बदलाव

कूड़ा सदा जगह पर डालो
परिसर रखना साफ़
पानी व्यर्थ करो तो कोई
नहीं करेगा माफ़।
वर्षा से तालों को भर दो
जल का करो बचाव।
छोटी-छोटी बातों से ही आता है बदलाव।

(कूड़ा- ചവറ്, ताल- ജലാശയം बचाव- സംരക്ഷണം बदलाव- മാറ്റം)

1. कविता किसको साफ़ रखने की बात कहती है? 1

2. इस आशय को सूचित करनेवाली दो पंक्तियाँ चुन कर लिखें। 2

   'वर्षा के पानी का संचयन करके जल का संरक्षण करो'

3. कविता के आशय को **टिप्पणी** के रूप में लिखें और टिप्पणी के लिए शीर्षक दें। 4

अथवा

'परिसर को साफ़ रखना है' –इस आशय को सूचित करनेवाला **पोस्टर** तैयार करें।

सूचना : अरुण गांधी के संस्मरण का यह अंश पढ़ें। प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।

साढ़े पाँच घंटे तक मैं उनके पीछे-पीछे धीमी गति से कार चलाता रहा। और मेरे झूठ पर पिताजी को प्रायश्चित करते हुए देखता रहा।

4. अरुण गांधी के झूठ पर पिता की प्रतिक्रिया चुनकर लिखें। 1

   - पिता ने अरुण गांधी को बहुत मारा।

- पिता ने अरुण गांधी को भला-बुरा कहा।
- पिता ने घर तक की अठारह मील की दूरी पैदल चलने का निश्चय किया।

5. पिताजी का व्यवहार देख कर अरुण गांधी के मन में क्या-क्या विचार आया होगा? उनके विचारों को **डायरी** के रूप में लिखें। 4

सूचना : 'ज्ञानमार्ग' एकांकी का अंश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

राजकुमार 3- मेरा ज्ञान तुम दोनों के ज्ञान से अधिक है।

राजकुमार 1- कैसी मूर्खतावाली बातें कर रहे हो। मैं तुम दोनों से बड़ा हूँ। मेरे ही पास ज़्यादा ज्ञान है।

राजकुमार 2- मैं तो गुरुकुल आने से पहले भी पढ़ता था। मेरा ज्ञान तुम दोनों से ज़्यादा है।

6. तीनों राजकुमारों के बीच किस बात पर बहस होता है? 1

7. कोष्ठक की कौन-सी विशेषता राजकुमारों के चरित्र के लिए अधिक सही लगता है? 1

   (अहंकार; ममता; विनम्रता)

8. 'ज्ञानमार्ग' एकांकी के आधार पर राजकुमारों के **चरित्र पर टिप्पणी** लिखें और टिप्पणी के लिए शीर्षक दें। 3

सूचना : 'सुख-दुख' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 9 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अविरत दुख है उत्पीड़न,
अविरत सुख भी उत्पीड़न,
सुख-दुख की निशा-दिवा में
सोता जागता जग-जीवन

9. 'रात-दिन' आशयवाला शब्द-जोड़ा कवितांश से पहचानकर लिखें। 1

10. कविता में **'दुख'** की विशेषता सूचित करने के लिए किस शब्द का प्रयोग किया है? 1

   (उत्पीड़न; अविरत; निशा)

11. 'अविरत दुख है उत्पीड़न

   अविरत सुख भी उत्पीड़न' –कवि ने ऐसा क्यों कहा होगा? टिप्पणी लिखें। 3

सूचना : 12 से 15 तक के प्रश्नों से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें। **(3×2=6)**

12. 'सभी शिक्षक भी हैं और विद्यार्थी भी।' –बीरबल के इस कथन पर आपका विचार क्या है?

13. 'मेरे पिता बहुत बड़े ज्ञानी हैं। उनका पुत्र होने के नाते मैं तुम दोनों से ज़्यादा विद्वान हूँ।' क्या ज्ञानी पिता का पुत्र हमेशा ज्ञानी होता है? अपना मत लिखें।

14. नमूने के अनुसार तालिका की पूर्ति करें।

• हड्डियाँ पड़ी दिखाई देती है।	हड्डियाँ पड़ी दिखाई देती थीं।
• बहिन शहर जाने के इंतज़ार में रहती है।	....
• पिताजी के पीछे-पीछे कार चलाता है।	....

15. 'ज्ञानमार्ग' एकांकी के आधार पर उचित दो प्रस्तावों को चुनकर लिखें।

- ज्ञान से किसी की भी भलाई नहीं होती।
- ज्ञान सबकी भलाई के लिए है।
- दूसरों को नुकसान पहुँचानेवाला ज्ञान अज्ञान है।
- ज्ञान केवल अपनी भलाई के लिए है।

सूचना : मनु का यह संस्मरण पढ़ें। प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।

जब मैं मेले में जाता हूँ, तब मुझे बहुत खुशी होती है। क्योंकि मेले में मैं घोड़े पर बैठा। मेले में बहुत खिलौने होते हैं। फिर मैंने हाथी और घोड़ा खरीद लिए। और घर की ओर चला। फिर ज़ोर से बारिश आई। मैं एक पेड़ के नीचे बैठ गया। तब एक कुत्ता आया और मेरे पास बैठ गया। मैं बहुत घबराया। तब कुत्ते पर एक आम गिरा और कुत्ता भाग गया।

16. मनु को मेला बहुत पसंद आया। मेले का वर्णन करते हुए मनु अपने मित्र के नाम पत्र लिखता है। वह **पत्र** कल्पना करके लिखें। 4

17. रेखांकित शब्द का सीधा संबंध इस वाक्य के किस शब्द से है? 1

जब मैं मेले में जाता <u>हूँ</u>, तब मुझे बहुत खुशी होती है।

(मुझे; मैं; में)